# जिले में आज से शुरू होगी स्व-गणना

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 अप्रैल।** ग्वालियर जिले में भी विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक कार्यों में शामिल भारत की जनगणना की तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के तहत जारी हैं। ग्वालियर जिले के नागरिकों को स्व-गणना का अवसर मिला है। एसई वेब पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में कोई भी व्यक्ति जनगणना संबंधी 34 बिंदुओं में अपनी जानकारी स्वयं भर सकता है। ग्वालियर जिले में आज गुरुवार 16 अप्रैल से स्व-गणना शुरू होगी। जिले में चल रहीं जनगणना की तैयारियों के सिलसिले में बुधवार 15 अप्रैल से प्रगणकों एवं सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। तीन चरणों में सभी प्रगणकों व सुपरवाइजर का प्रशिक्षण पूर्ण होगा। बुधवार को ग्वालियर नगर निगम क्षेत्र के प्रगणकों और सुपरवाइजर का प्रथम चरण प्रशिक्षण आईआईटीटीएम व शिक्षानगर स्कूल में शुरू हुआ। इसी तरह डबरा के आईआईपीएस स्कूल, चीनोर में ज्ञान सरोवर स्कूल एवं भितरवार के मॉडल स्कूल सहित जिले में अन्य स्थानों पर यह प्रशिक्षण शुरू हुआ। मास्टर ट्रेनर एस बी ओझा ने बताया कि प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल, द्वितीय चरण में 19 से 21 अप्रैल एवं तृतीय चरण में 23 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन तीनों चरण के माध्यम से शतप्रतिशत प्रगणक व सुपरवाइजर प्रशिक्षित होंगे।

**जिले में लगभग 6 हजार अधिकारी-कर्मचारी करेंगे जनगणना-** ग्वालियर जिले में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी रुचिका चौहान के नेतृत्व में लगभग 6 हजार अधिकारी-कर्मचारी जनगणना-2027 के कार्य को अंजाम देंगे। इनमें लगभग 5 हजार प्रगणक व 829 पर्यवेक्षक, 41 चार्ज अधिकारी, 42 फील्ड ट्रेनर्स, 4 मास्टर ट्रेनर्स व 9 जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। शहरी क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त प्रमुख जनगणना अधिकारी का दायित्व निभायेंगे।

### निगमायुक्त ने किया शारदा विहार बावडी का निरीक्षण

ग्वालियर। जल गंगा संवर्धन अभियान योजना के तहत पुरानी बावड़ी एवं जल स्रोतों की साफ सफाई एवं संवर्धन को लेकर नगर निगम द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग निरंतर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा की जा रही है। इसी के अंतर्गत आज बुधवार को नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने वार्ड 29 के अंतर्गत शारदा विहार बावडी का निरीक्षण किया तथा बावड़ी की साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरसीबी ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया

नवभारत न्यूज

**बेंगलुरु 15 अप्रैल.** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु

### 29 गेंद पहले मैच खत्म

के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स 146 रन पर आउट हुई। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श, मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी ही 30 का आंकड़ा पार कर पाए। 147 रन के लक्ष्य के जवाब में आरसीबी ने 15.1 ओवर में 5 विकेट पर 149 रन बना लिए। चोट के कारण इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले विराट कोहली ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। आरसीबी इस जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची।



ऋषभ पंत चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हुए। बाद में बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाए। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार और भुवनेश्वर कुमार ने शानदार गेंदबाजी की। जोश हेजलवुड ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श ने 32 गेंद 40 रन बनाए। मकुल चौधरी ने 28 गेंद पर 39 रन बनाए। आयुष बदोनी ने 24 गेंद पर 38 रन बनाए। एडेन मार्कराम ने 8 गेंद पर 12 रन बनाए। जॉर्ज लिंडे 7, ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और आवेश खान 1-1 रन बनाकर आउट हुए।

अब्दुल समद और मोहम्मद शमी खाता नहीं खोल पाए। दिग्वेश राठी बगैर खाता खोले नाबाद रहे। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार ने 4, भुवनेश्वर कुमार ने 3 और क्रुणाल पंड्या ने 2 विकेट लिए। जोश हेजलवुड को 1 विकेट मिला, लेकिन उन्होंने केवल 20 रन दिए।

आरसीबी के लिए विराट कोहली ने 34 गेंद पर 49 रन बनाए। रजत पाटीदार ने 13 गेंद पर 27, जितेश शर्मा ने 9 गेंद पर 23 र बनाए। टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने 14-14 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल ने 10 और फिल साल्ट ने 7 रन बनाए। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए प्रिंस यादव ने 3 और आवेश खान ने 2 विकेट लिए। आरसीबी की प्लेइंग 11 में एक बदलाव हुआ। जोश हेजलवुड को जैकब डफी की जगह मौका मिला। लखनऊ सुपर जायंट्स की प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराया। रोमारियो शेफर्ड ने चौके से मैच खत्म किया। शेफर्ड और टिम डेवी 14-14 रन बनाकर नाबाद रहे। मैच 29 गेंद पर खत्म हुआ।

जितेश शर्मा को प्रिंस यादव ने पवेलियन भेजा: जितेश शर्मा को प्रिंस यादव ने पवेलियन भेजा। उन्होंने 9 गेंद पर 23 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड नए बल्लेबाज हैं। आरसीबी ने 12.5 ओवर में 5 विकेट पर 123 रन बनाए, उस समय जीत के लिए 44 गेंद पर 25 रन चाहिए थे।

**प्रिंस यादव ने रजत पाटीदार को पवेलियन भेजा**

प्रिंस यादव ने रजत पाटीदार को पवेलियन भेजा। उन्होंने 13 गेंद पर 27 रन बनाए। आरसीबी ने 12.2 ओवर में 4 विकेट पर 121 रन बनाए। उस वक्त जीत के लिए 46 गेंद पर 26 रन चाहिए थे।

# खुदी सड़कों से होकर गुजर रहे राहगीर, दुर्घटना को दावत देता मुख्य मार्ग

दिव्यानंद अर्गल

**ग्वालियर 15 अप्रैल.** शहर के वार्ड क्रमांक 20 में मूलभूत सुविधाओं का बुरा हाल है। स्वच्छता अभियान के दावों के विपरीत यहाँ की गलियों में कचरे के ढेर देखने को मिलते हैं। विडंबना यह है कि भविष्य में होने वाले वार्डों के परिसीमन की सुगबुगाहट ने विकास कार्यों की दिशा भी बदल दी है। आरोप है कि पार्षद अब केवल उन्हीं क्षेत्रों पर ध्यान दे रहे हैं, जो परिसीमन के बाद उनके कार्यक्षेत्र में रहने की संभावना है। वार्ड की स्ट्रीट लाइटों का हाल यह है कि या तो वे बंद रहती हैं, या फिर जलने के बाद भी रोशनी नहीं देतीं। निवासियों के मुताबिक, लाइटों की क्वालिटी इतनी खराब है कि वे केवल खंभे को ही रोशन कर पाती हैं, सड़क पर अंधेरा ही पसरा रहता है। हालांकि पार्षद के द्वारा वार्ड में कुछ सड़कों का निर्माण अभी करवाया जा रहा है ।

### कभी आती है गाड़ी, कभी गायब

वार्ड में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। निवासियों का कहना है कि कचरा गाड़ियां हफ्ते में बमुश्किल दो-तीन बार आती हैं। शिकायत करने पर दो-चार दिन व्यवस्था सुधरती है, लेकिन फिर वही 'ढाक के तीन पात' वाली स्थिति बन जाती है। मुख्य सड़कों को छोड़ दिया जाए, तो वार्ड की अंदरूनी गलियों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे है।



### कल्पी ब्रिज मार्ग : हादसे को न्योता देती खुदी हुई सड़क

कालपी ब्रिज से ताल रोड और मरघट वाली रोड को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग किसी बुरे सपने जैसा हो गया है। सड़क पूरी तरह खुदी पड़ी है, जिससे आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। न केवल राहगीर चोटिल हो रहे हैं, बल्कि जर्जर रास्ते के कारण वाहनों में भी भारी टूट-फूट हो रही है। बारिश के समय यह मार्ग कीचड़ के दलदल में तब्दील हो जाता है।

### डेयरियों की गंदगी और चौक सीवर ने छीना लोगों का चैन

सिद्धेश्वर नगर में स्थिति और भी भयावह है। यहाँ संचालित डेयरियों का गोबर सीधे सीवर लाइनों में बहाया जा रहा है। इसके कारण सीवर चौक हो रहे हैं और चैंबर उफनकर सड़कों पर बह रहे हैं। रही-सही कसर नाले के पास रहने वाले लोगों द्वारा फेंके गए कचरे ने पूरी कर दी है, जिससे नाले जाम हैं और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। फॉगिंग मशीन तो जैसे इस वार्ड का रास्ता ही भूल गई है।

### पार्षद की व्यक्तिगत सक्रियता को मिला जनता का साथ


जहाँ एक ओर बुनियादी ढांचे को लेकर नाराजगी है, वहीं दूसरी ओर पार्षद की व्यक्तिगत सक्रियता की सराहना भी हो रही है। वार्ड के वृद्धजनों को समय पर वृद्धावस्था पेंशन दिलाना और पात्र लोगों को राशन उपलब्ध कराने के मामले में पार्षद का प्रयास सराहनीय है। पार्षद द्वारा कई क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है, लेकिन जनता का मानना है कि प्राथमिकता उन सड़कों को मिलनी चाहिए जो मुख्य मार्ग हैं और लंबे समय से बदहाल हैं।

### इनका कहना है



कचरा गाड़ी आने का कोई समय तय नहीं है। शिकायत करने पर गाड़ी तीन-चार दिन समय पर आती है, फिर गायब हो जाती है। गाड़ी ना आने से नाले में कचरा फेंका जाता है, जिससे बीमारियां फैलने का डर बना रहता है। कल्पी ब्रिज गेट से मरघट वाली रोड तक जोड़ने वाली मुख्य मार्ग की सड़क पूरी तरीके से खराब हो चुकी है , पार्षद को इस रोड का भी कार्य शीघ्र करवाना चाहिए, सिद्धेश्वर नगर में डेयरियों का गोबर सीधे सीवर में डाला जा रहा है। पार्षद के द्वारा तो निरंतर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है।

**दीपक अग्रवाल , स्थानीय निवासी**



वार्ड में सीवर, गंदगी आदि की समस्याओं का समय-समय पर क्षेत्रवासियों को सामना करना पड़ता है, लेकिन इन परेशानियों का निराकरण पार्षद द्वारा समय-समय पर किया जाता है तथा वार्ड के अंदर पार्षद के द्वारा पार्कों का सौंदर्यीकरण भी किया गया , सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है। वार्ड में कुछ सड़के अभी भी खराब पड़ी हुई है जिनका पार्षद के द्वारा शीघ्र सुधार किया जाना चाहिए, जिससे आने जाने वाले लोगों को राहत मिले ।

**सत्यम , स्थानीय नागरिक**

# फेफड़ों की बीमारियों को न करें नजर अंदाज, समय पर पहचान ही है बचाव

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 14 अप्रैल.** शहर और आसपास के क्षेत्रों में फेफड़ों की गंभीर बीमारियों से हजारों मरीज जूझ रहे है। फेफड़ों और चेस्ट

**लोगों में भ्रांति-फेफड़े हुए खराब तो नहीं होते सही, डॉक्टरों ने कहा-फेफड़ों के गंभीर रोगों और लंग ट्रांसप्लांट का है इलाज**

थोरैसिक से जुड़ी बीमारियों के कारण, लक्षण और उनके आधुनिक समाधानों पर डॉ. प्रमोज जिंदल थोरैसिक सर्जरी एवं लंग ट्रांसप्लांटेशन विशेषज्ञ ने चिकित्सा क्षेत्र में आई क्रांतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अब रोबोटिक तकनीक और वीडियो-असिस्टेड थोराकोस्कोपिक सर्जरी जैसी एडवांस विधियों से फेफड़ों का इलाज संभव है। ये तकनीकें पारंपरिक ओपन सर्जरी के मुकाबले कम दर्दनाक होती हैं और मरीज जल्दी रिकवर होता है।



### फेफड़ों की बीमारियों के मुख्य कारण

डॉ. प्रमोज के अनुसार, चेस्ट और पल्मोनरी समस्याओं के पीछे कई कारक हो सकते हैं। इनमें मुख्य हैं, संक्रमण : भारत में टीबी एक बड़ा कारण है, जिससे फेफड़ों में कैविटी, फंगल बॉल या पस जमा होने जैसी जटिलताएं हो जाती हैं। प्रदूषण और धूम्रपान : खराब हवा और स्मोकिंग से कैंसर और सांस की नली संकरी होने की समस्या बढ़ती है। आनुवंशिक और जन्मजात : डायाफ्राम हर्निया या संरचनात्मक कमजोरी। अनदेखी : समय पर इलाज न मिलने से सामान्य संक्रमण का कैंसर या गंभीर एयर लीक में बदल जाना।

### इनका कहना है..



हमारे शहर में भी अब इस स्तर का इलाज संभव हैं। स्थानीय मरीजों को समय पर सही सलाह लेने की आवश्यकता हैं, जो फेफड़ों जैसी जटिल बीमारियों के इलाज में सबसे महत्वपूर्ण है। अत्याधुनिक मेडिकल विशेषज्ञ अब लगातार ग्वालियर आ रहे हैं। हमें भ्रांतियां को मिटाना है और इस तरह की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बचाना है। **-डॉ. मनोज गुलाटी**

### कैसे पहचानें कि फेफड़े हो रहे खराब

यदि किसी व्यक्ति के फेफड़े खराब हो चुके हैं या होने वाले हैं तो उसकी पहचान कैसे करें। डॉ. जिंदल ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को महसूस हों कि उसे लगातार खांसी हो रही हैं या लंबे समय से चली आ रही खांसी हैं, जिसमें कभी-कभी खून भी आ सकता है या सामान्य चलने या काम करने पर भी सांस लेने में तकलीफ हो रही हैं, सांस लेते समय या खांसते समय चेस्ट वॉल में तेज दर्द हो रहा हैं, सीने में तरल जमा होने के कारण भारीपन महसूस हो रहा हैं, निगलने में कठिनाई हो रही हैं तो उन्हें थोरैसिक विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।







# सिंधिया कन्या विद्यालय में सिंधिया धरोहर फैस्ट का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 अप्रैल.** सिंधिया कन्या विद्यालय में नौवाँ माधव राव सिंधिया धरोहर फैस्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 16 से 18 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस महोत्सव की प्रेरणादायी परिकल्पना महारानी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया की दूरदर्शी सोच और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट प्रतीक है, जो भारत की समृद्ध विरासत के संरक्षण और संवर्धन के प्रति उनके गहन समर्पण को दर्शाती। इस वर्ष इस उत्सव की थीम पारसी धरोहर है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात पुरातत्वविद् एवं खाद्य मानवविज्ञानी डॉ. कुरुश दलाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में रिया दलाल एवं विशेष अतिथि के रूप में यज़्दी करांजिया तथा निर्णायक मंडल में नवकाश, आनंदिता बनर्जी, कैनाज पारदीवाला हाथीराम, महारुख ज़ेड चिचगर एवं मुस्ताक खान चौधरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या निशी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर शिवांगी सहाय हैं । इस अवसर पर विद्यालय संचालक मंडल के सदस्य, अतिथिगण, निर्णायक मंडल तथा विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहेंगी।

### होम्योपैथी क्लीनिकों को बड़ी राहत

**ग्वालियर।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा होम्योपैथी क्लीनिकों के लिए एमपीपीसीबी सर्टिफिकेट की अनिवार्यता में छूट प्रदान की गई है। यह निर्णय इस आधार पर लिया गया है कि इन क्लीनिकों से बायोमेडिकल वेस्ट का उत्पादन नहीं होता, जिसकी पुष्टि संबंधित विभागों द्वारा की गई है। इससे प्रदेश के हजारों होम्योपैथी चिकित्सकों को रजिस्ट्रेशन व नवीनीकरण प्रक्रिया में बड़ी राहत मिलेगी। इस विषय को उठाने एवं समाधान की दिशा में भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के सतत प्रयास रहे, जिनमें डॉ. विशाल बघेल (प्रदेश संयोजक) की विशेष भूमिका रही। इस पर डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया, जिला सह-संयोजक भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ ने कहा कि 'यह निर्णय सराहनीय है, जो सामूहिक प्रयासों का परिणाम है और इससे चिकित्सकों को अनावश्यक प्रक्रियाओं से राहत मिलेगी।

# माधव विधि महाविद्यालय में लगा रक्तदान शिविर




**ग्वालियर 15 अप्रैल.** माधव विधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्तदान शिविर आज महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। जिसमें 150 यूनिट रक्त डोनेट किया गया। मध्य भारत शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र बांदिल जी ने अपने उद्बोधन से सभी रक्तदाताओं एवं फैकेल्टी को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए ये सभी दानों में श्रेष्ठ दान है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को और फैकल्टी को रक्तदान शिविर आयोजित कर भारी से भारी मात्रा में रक्तदान करने के लिए मोटिवेट किया । इस अवसर पर गजरा राजा मेडिकल कॉलेज की पूरी टीम ने मध्य भारत शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बांदिल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### सात दिवसीय श्री परशुराम जन्मोत्सव : ब्राह्मण सत्ता नहीं बल्कि सम्मान का प्रेमी हैं - शर्मा



**ग्वालियर 15 अप्रैल ।** सकल ब्राह्मण महासमिति के द्वारा सात दिवसीय भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के द्वितीय दिवस सनातन मंदिर में चतुर्थ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन का श्री गणेश पूजन एवं पीली चिट्ठी लेखन पूर्व संभागीय कमिश्नर बी एम शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा जॉइंट कमिश्नर परिवहन विनोद भार्गव की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि सर्व ब्राह्मण महासभा की महिला अध्यक्ष अनीता रिछारिया, सकल ब्राह्मण महासमिति की महिला अध्यक्ष बीना भारद्वाज, पालकी महिला मुख्य संयोजिका व्यंजना मिश्रा मंच आसीन थे । पंडित गिरिराज गुरुजी ,पंडित रमाकांत शास्त्री, पंडित ब्रह्म दत्त पाण्डेय शास्त्री के वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजन हुआ मुख्य यजमान योगेंद्र अनीता दीक्षित थे। संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्रों को दी बधाई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 अप्रैल।** कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले जिले के सभी परीक्षार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने सफल विद्यार्थियों से अपील की है कि अब अपनी अगली उड़ान के लिये तैयार हो जाइए। साथ ही जो परीक्षार्थी असफल रहे हैं, उनसे अपील की है कि आप सब निराश न हों। यह केवल एक छोटा सा पड़ाव है अपनी सोच को सकारात्मक रखें और मन लगाकर पढ़ाई करें, आगे अवश्य सफलता मिलेगी। कलेक्टर ने कहा है कि असफलता ही सफलता का रास्ता दिखाती है। देश और दुनियां में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं कि आरंभ में असफल हुए लोग अपनी मेहनत, लगन व सकारात्मक सोच की बदौलत सफलता के उच्चतम मुकाम पर पहुँचे। जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी ने बताया कि मौजूदा साल अर्थात वर्ष 2026 में हुई माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्ड्री परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष . . .

### 16 वर्षों में बेटियों का रिकॉर्ड

सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर रहा है. कक्षा 10वीं में पन्ना की प्रतिभा सिंह सोलंकी ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. तो वहीं कक्षा 12वीं में भोपाल की बेटियों में खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा भोपाल ने मेरिट सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है.

**झाबुआ जिला 93.23 प्रतिशत के साथ टॉप पर :** जिलों के प्रदर्शन की बात करें तो झाबुआ जिला 93.23 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर रहा है. अनूपपुर जिला भी 93.85 प्रतिशत के साथ अव्वल जिलों में शामिल है. लेकिन राजधानी भोपाल इस बार भी टॉप 20 जिलों की सूची से बाहर रहा. वहीं भोपाल जिले के 12वीं में 76.01 प्रतिशत और 10 वीं में 73.42 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे. हालांकि 12वीं की परीक्षा में भोपाल की दो छात्राओं ने प्रदेश भर में टॉप किया है, जिससे भोपाल का स्थान राज्य की मेरिट सूची में ऊपर रहा है.

**छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर :** इस बार भी छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा. छात्राओं का पास प्रतिशत 77.52 प्रतिशत रहा, जबकि छात्रों का 69.31 प्रतिशत दर्ज किया गया.

### अनुराग जैन सीएस का पद छोड़ेंगे, नीति आयोग जाएंगे

गुड लिस्ट में जिन अफसरों को शुमार किया जाता है, उनमें जैन का नाम भी शामिल है. इसलिए ही उन्हें केंद्र में सर्वोच्च प्राथमिकता वाले गति शक्ति प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. इसमें सड़क, रेल, पोर्ट के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े देश के बड़े प्रोजेक्ट को मॉनीटर करने के साथ ही उनसे जुड़े कामों को तेज गति से पूरा कराने की जिम्मेदारी निभाई जाती है.

**एक वर्ष का एक्सटेंशन पाने वाले प्रदेश के पहले सीएस हैं जैन :** प्रदेश में अनुराग जैन से पहले मुख्य सचिवों को 6 माह का एक्सटेंशन मिलता रहा है. उसमें एक बार और 6 माह तक की बढ़ोतरी होती रही है, लेकिन जैन प्रदेश के पहले सीएस हैं, जिनको एक बार में ही एक वर्ष का एक्सटेंशन दिया गया था. तत्कालीन मुख्य सचिव वीरा राणा के रिटायरमेंट के बाद उन्हें सितंबर 2024 को प्रदेश का मुख्य सचिव बनाया गया था. 3 अक्टूबर 2024 को उन्होंने प्रदेश के 35वें मुख्य सचिव का दायित्व संभाला था. उनका कार्यकाल अगस्त 2025 को समाप्त हो रहा था, तब मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. राजेश राजौरा को मुख्य सचिव बनाए जाने की कवायद चल रही थी, तब अचानक ही उन्हें एक वर्ष का एक्सटेंशन दे दिया गया. इस तरह वे अगस्त 2026 तक प्रदेश के मुख्य सचिव बने रह सकते हैं. लेकिन अब वे इस जिम्मेदारी से मुक्त हो सकते हैं.

**डॉ. राजौरा के साथ, पंकज अग्रवाल और अशोक बर्णवाल भी हैं दावेदार :** अनुराग जैन के बाद प्रदेश के मुख्य सचिव कौन होंगे? इसे लेकर भी अब गुणा- भाग का दौर लगातार जारी है. बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बेहतर बॉडिंग के चलते एसीएस डॉ. राजेश राजौरा मुख्य सचिव की रेस में एक बार फिर सबसे आगे हैं।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्रीमती मीरा देवी सोनी पत्नी श्री शिव नारायण सोनी, निवासी- फ्लैट क्रमांक 301, सांई अपार्टमेंट, दीक्षित का बाड़ा लाला का बाजार लश्कर ग्वालियर द्वारा एक प्लाट क्रय किया जा रहा है, जिसका नगर निगम वार्ड क्रमांक 49 है। जो ग्राम कोटा लश्कर के भूमि सर्वे क्रमांक 2409/1, 2411/1, 2411/2, 2412, 2413/1 2413/2/1, 2413/2/2, 2413/2/2/2/1, 2413/2/2/2/2/1 एवं 2413/2/2/2/2/2 का भाग है जिसका कुल क्षेत्रफल 818 वर्गफुट यानि 76.02 वर्गमीटर है। जिसकी चतुरसीमा निम्न प्रकार है। पूरब में रास्ता आम 15 फुट चौड़ा, पश्चिम में :-शेष सम्पत्ति विक्रेता, उत्तर में प्लॉट विनोद, दक्षिण में : रास्ता आम 14 फुट चौड़ा, है. उक्त सम्पत्ति प्लाट को विक्रेता ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ई-पंजीकरण क्रमांक MP211GR17402026A100168263 दिनांक 11.02.2026 को सौरभ साहू पुत्र श्री शिवनारायण साहू आदि से कुल क्षेत्रफल 1218 वर्गफुट क्रय किया था। जिसमें आज दिनांक को इस लिखतम विक्रय पत्र के माध्यम से क्षेत्रफल 818 वर्गफुट क्रेता को विक्रय किया जा रहा है। जो विक्रेता नाम से कागजात सरकारी में दर्ज है उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को मेरे पक्षकार श्रीमती मीरा देवी सोनी पत्नी श्री शिव नारायण सोनी ने श्रीमती आशा सिंह यादव पत्नी श्री एच. पी. सिंह से विक्रय अनुबंध पत्र सम्पादित कराया है। अतः समस्त आम खास को एवं व्यक्तिगत किसी भी प्रकार का हित रखने वालो तथा वितय संस्थायें बैंक निकाय एवं शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्था आदि को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर निम्न पते पर यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय सुसंगत दस्तावेजो को प्रस्तुत करे अन्यथा म्याद गुजरने के बाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त सम्पत्ति विक्रय पत्र सम्पादित करा लिया जावैगा तत्पश्चात् प्रस्तुत की गयी कोई भी आपति मान्य नही की जावेंगी।

दिनांक 15.04.2026

**श्रीमती मीरा देवी सोनी पत्नी श्री शिव नारायण सोनी, निवासी फ्लैट क्रमांक 301, सांई अपार्टमेंट, दीक्षित का बाड़ा लाला का बाजार लश्कर ग्वालियर मोबाइल नम्बर : 9039462478**

**राघवेन्द्र मुदगल (एडवोकेट)**
रजिस्टार कार्यालय के सामने, राजकमल टॉवर, औहदपुर, सिटी सेंटर ग्वालियर, मोबाइल नम्बर 9893029232

## आम सूचना

श्रीमती सुमन पत्नी श्री केशव सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूमि, स्थित ग्राम सालूपुरा, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.66 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 61/2/2, 76/2/1, 116/2, 125/2, 126, 166, 236, 265 एवं 267 ग्राम सालूपुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 0.042 हैक्टेयर है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में भूमि सुमन, उत्तर में-भूमि दीगर एवं दक्षिण में-भूमि सुमन है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री हरचरन, श्री शिव सिंह, श्री प्रभू, श्री बेताल सिंह एवं श्री पप्पू पुत्रगण श्री हरभान सिंह, सरमनिया एवं गौरा पुत्रियां श्री मंगलिया के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती सरमनिया का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री भगवान सिंह, श्री मोतीराम, श्री लाखन सिंह, श्री उत्तम सिंह, श्री छोटेलाल एवं श्री काशीराम पुत्रगण स्व. श्री कमलाराम एवं सुनीता बाई पुत्री स्व. श्री कमलाराम उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री मोतीराम कुशवाह एवं सुनीता बाई द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती पत्नी सुमन श्री केशव सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602022 ए1367293 दिनांक 01.04.2022 से विक्रय की गई। श्रीमती सुमन द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान पिरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फायनेंस लि. शाखा ग्वालियर (म.प्र.) के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को एवं श्रीमती सरमनिया के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
**नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

## आम सूचना

श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्व. श्री काशीनाथ के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन स्थित पाटनकर का बाड़ा, नगर लश्कर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.46 में स्थित है जिसका म्युनिसिपल भवन क्र.46/621 है एवं जिसका क्षेत्रफल 407 वर्गफुट है और चर्तुमा प्रकार है :-पूर्व में-भवन अनिल, पश्चिम में-भवन कैलाश, उत्तर में-रास्ता एवं दक्षिण में-भवन प्रभाकर है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती आनंदी बाई पत्नी स्व. श्री रामसिंह पाल द्वारा श्री जयनारायण पाल पुत्र स्व. श्री रामसिंह पाल, दीपक उर्फ दीप सिंह पाल (नाबालिग पुत्र श्री जयनारायण पाल सरपरस्त पिता श्री जयनारायण पाल पुत्र स्व. श्री रामसिंह पाल को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3052 दिनांक 06.03.2007 से विक्रय की गई। श्री जयनारायण पाल, दीपक उर्फ दीप सिंह पाल (नाबालिग) सरपरस्त पिता श्री जयनारायण पाल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्व. श्री काशीनाथ को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.287 दिनांक 01.01.2010 से विक्रय की गई। श्रीमती सावित्री देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती समिमा पत्नी श्री याकुब खान के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती समिमा द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं दीपक उर्फ दीप सिंह पाल को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
**नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

